आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

13.04.2025 समय : 0705

1. पूरे देश के साथ द्वीपसमूह में भी सत्तरवें अग्निशमन सेवा दिवस के सिलसिले में कल से बीस अप्रैल तक अग्निशमन सेवा सप्ताह मनाया जाएगा।

2. पद्म पुरस्कार–दो हजार छब्बीस के लिए नामांकन इस वर्ष इक्कतीस जुलाई तक खुले हैं।

3. कला एवं संस्कृति विभाग ऑनलाइन मोड के माध्यम से लघु फिल्म प्रतियोगिता और फोटो प्रतियोगिता का आयोजन कर रहा है।

4. दक्षिण अंडमान शैक्षिक अंचल क्षेत्र के "प्राइमरी" स्तर के छात्रों के लिए अंतर स्कूल फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन।

<><><><><><><>

पूरे देश के साथ द्वीपसमूह में भी सत्तरवें अग्निशमन सेवा दिवस के सिलसिले में कल से बीस अप्रैल तक अग्निशमन सेवा सप्ताह मनाया जाएगा। इस वर्ष के अग्निशमन सेवा सप्ताह का विषय है "एकजुट होकर आग जलाओ, आग से सुरक्षित भारत", जो आग से सुरक्षित और लचीला राष्ट्र बनाने में अग्निशमन सेवाओं, उद्योगों, संस्थानों और आम जनता द्वारा एकजुट और समन्वित प्रयासों के महत्व पर जोर देता है। इस अवसर पर कर्तव्य निभाते हुए अपनी जान गंवाने वाले बहादुर अग्निशामकों को श्रद्धांजलि दी जाएगी और जनता में अग्नि सुरक्षा के बारे में जागरूकता को बढ़ावा दिया जाएगा। यह दिवस चौदह अप्रैल उन्नीस सौ चवालीस को बॉम्बे डॉक विस्फोट की याद में पूरे देश में आयोजित किया जाता है, जहां कई अग्निशमन कर्मियों ने अपना सर्वोच्च बलिदान दिया था। सप्ताह भर चलने वाले आयोजन के हिस्से के रूप में, समुदाय और अग्निशमन सेवा कर्मियों दोनों को शामिल करने के लिए विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएगी। पूरे सप्ताह के दौरान, आग से सुरक्षा और आपातकालीन तैयारियों के बारे में लोगों को जानकारी देने के लिए प्रमुख प्रतिष्ठानों में जागरूकता अभियान, लाइव प्रदर्शन और मॉक ड्रिल भी आयोजित किए जाएंगे। अंडमान निकोबार अग्निशमन विभाग ने सभी निवासियों, संस्थानों और संगठनों से समर्थन और सहयोग देने का अनुरोध किया है।

<><><><><><><>

पद्म पुरस्कार–दो हजार छब्बीस के लिए नामांकन इस वर्ष इक्कतीस जुलाई तक खुले हैं। पुरस्कार विजेताओं के नाम गणतंत्र दिवस दो हजार छब्बीस को घोषित किए जाएंगे। नामांकन की प्रक्रिया पन्द्रह मार्च से प्रारंभ हो चुकी है। गृह मंत्रालय ने बताया है कि पद्म पुरस्कारों के लिए नामांकन और अनुशंसा केवल राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल पर ऑनलाइन ही स्वीकार की जाएंगी। पद्म पुरस्कार – पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्म श्री – देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मानों में शामिल हैं। ये पुरस्कार 'उल्लेखनीय कार्य' को मान्यता देने के लिए प्रदान किए जाते हैं और कला, साहित्य एवं शिक्षा, खेल, चिकित्सा, समाज सेवा, विज्ञान और इंजीनियरिंग, लोक प्रशासन, सिविल सेवा, व्यापार एवं उद्योग जैसे सभी क्षेत्रों में विशिष्ट और असाधारण उपलब्धियों के लिए दिए जाते हैं। जाति, व्यवसाय, पद या लिंग के भेदभाव के बिना सभी व्यक्ति इन पुरस्कारों के लिए पात्र हैं।

<><><><><><><>

द्वीपसमूह में अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष–दो हजार पच्चीस के लिए चल रहे कार्यक्रम के तहत हाल ही में डिगलीपुर स्थित बी वी बी मंडल पब्लिक सेकेंडरी स्कूल में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य सहकारिता आंदोलन में छात्रों की भागीदारी को बढ़ावा देना और युवा पीढ़ी को सहकारी मूल्यों को अपनाने के लिए प्रेरित करना था। सत्र के दौरान, वक्ताओं ने ग्रामीण विकास और सामाजिक सशक्तिकरण में सहकारिता के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने छात्रों को सहकारी पहलों में सक्रिय रूप से भाग लेने और स्व–सहायता, लोकतंत्र, समानता और एकजुटता जैसे मूल्यों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम का संचालन सहकारी समितियों के सहायक रजिस्ट्रार अजीत सिंह, सहकारी समितियों के निरीक्षक के. सिमचलम और सहकारी समितियों के उप–निरीक्षक सैकत नाथ ने किया ।

<><><><><><>

नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया–एन पी सी आई ने कहा है कि यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस–यू पी आई लेनदेन में कुछ तकनीकी समस्याओं के कारण आंशिक रूप से कमी आ रही है। सोशल मीडिया पोस्ट में एन पी सी आई ने कहा कि वे सुचारू डिजिटल लेनदेन सुनिश्चित करने के लिए समस्याओं को हल करने के लिए काम कर रहे हैं।

<><><><><><>

कला एवं संस्कृति विभाग ऑनलाइन मोड के माध्यम से लघु फिल्म प्रतियोगिता और फोटो प्रतियोगिता का आयोजन कर रहा है। इस सिलसिले में प्रतिभागी पन्द्रह अप्रैल की मध्यरात्रि तक अण्डमान डॉट माई जी ओ वी डॉट इन पर अपने आवेदन जमा कर सकते हैं।

<><><><><><>

डॉ. क्रिश्चियन फ्रेडरिक सैमुअल हैनीमैन की दो सौ सत्तरवीं जयंती के अवसर पर महीने भर चलने वाले समारोह का हाल ही में समापन हो गया। स्वास्थ्य सचिव डॉ. अनिल अग्रवाल और पद्मश्री से सम्मानित नरेश चंद्र लाल इस अवसर पर मुख्य अतिथि थे। महीने भर चलने वाली समारोह का उद्देश्य जागरूकता और स्वास्थ्य संवर्धन गतिविधियों के बारे में जानकारी देना था। डॉ अनिल ने अपने संबोधन में निवारक, प्रोत्साहक और उपचारात्मक स्वास्थ्य सेवा में होम्योपैथी सहित आयुष प्रणालियों की क्षमता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि होम्योपैथी कई स्वास्थ्य स्थितियों के प्रबंधन के लिए एक सौम्य और प्रभावी दृष्टिकोण प्रदान करती है और दवा का सेवन आसान होने के कारण यह बच्चों और बुजुर्गों के लिए विशेष रूप से उपयुक्त है। इस अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को प्रमाण पत्र और पुरस्कार प्रदान किए गए। स्वास्थ्य सेवा निदेशक डॉ. सुजा एंटनी, उप निदेशक डॉ. कल्याण पी. कदभाने सहित विभाग के अन्य अधिकारी भी इस अवसर पर उपस्थित थे।

<><><><><><>

निःशुल्क प्रोस्थेटिक और ऑर्थोटिक शिविर का आज तीसरा दिन हैं। श्री विजयपुरम स्थित रोटरी क्लब, कोलकाता स्थित महावीर सेवा सदन और अण्डमान निकोबार द्वीपसमूह का समग्र क्षेत्रीय केन्द्र इस पांच दिवसीय शिविर में भाग ले रहा है। इस शिविर के दौरान महावीर सेवा सदन के वरिष्ठ प्रोस्थेटिक और ऑर्थोटिक टेकनिशियन गौतम रॉय द्वारा दिव्यांगजनों के लिए विशेष सेवा प्रदान की जा रही है। कल ज़रूरतमंद व्यक्तियों को उपकरण वितरण किया जाएगा, जिसके लिए नाम पंजीकरण करने की अंतिम तिथि आज है।

<><><><><><>

मध्योत्तर अंडमान में पॉक्सो के तहत विशिष्ट जज सुभाजीत बसु की अध्यक्षता में एक व्यक्ति को बारह वर्षीय नाबालिग लड़की के साथ यौन अपराध करने के लिए दोषी ठहराया है। आरोपी को तीन वर्ष के साधारण कारावास और पांच हजार रुपये के जुर्माने की सजा सुनाई गई है। जुर्माना अदा न करने पर आरोपी को दस हजार रूपये का जुर्माना और दो महीने की अवधि के लिए साधारण कारावास की सजा के अलावा और एक महीने के लिए साधारण कारावास की सजा भुगतनी होगी। राज्य अभियोजन पक्ष का संचालन जिला एवं सत्र न्यायालय, मायाबंदर के सरकारी अधिवक्ता उत्तम कीर्तनिया ने किया।

<><><><><><><>

दक्षिण अंडमान उप शिक्षा अधिकारी की ओर से पहली बार दक्षिण अंडमान शैक्षिक अंचल क्षेत्र के "प्राइमरी" स्तर के लड़के और लड़कियों के लिए अंतर स्कूल फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है। कल खेले गए दूसरे सेमीफाइनल में माध्यमिक विद्यालय मंगलूटन ने वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल रंगाचांग को एक–शून्य से पराजित किया। फाइनल मैच मंगलूटन और डॉलीगंज स्कूल के बीच गर्ल्स स्कूल मैदान में खेला जाएगा। लड़कियों के वर्ग में फाइनल मैच रंगाचांग और हम्फ्रीगंज स्कूल के बीच गर्ल्स स्कूल मैदान में खेला जाएगा।

<><><><><><><>

वाइल्ड कार्ड इंट्री खेलों इंडिया यूथ में भाग लेने के लिए खेल विभाग की ओर से तीरंदाज़ी एथलेटिक्स बैडमिंटन, साइकिलिंग, तैराकी, योगासन और टेबलटेनिस के लिए चयन ट्रायल का आयोजन किया गया है। इस ट्रायल में पंजीकृत खिलाड़ियों का चयन अब उन्नीस अप्रैल को सुबह छह बजे नेताजी स्टेडियम में लिया जाएगा।

<><><><><><><>